### किसानों की आय दोगुनी करने को लेकर प्रखंड कार्यालय परिसर में कार्यशाला

# वैज्ञानिक विधि से कृषि करें, बढ़ेगी आय : बीडीओ

**प्रतिनिधि ▷ चंदवा**



चंदवा : मंच पर बैठे अधिकारी व अन्य.

प्रखंड विकास पदाधिकारी देवदत्त पाठक ने कहा कि किसान आर्थिक रूप से मजबूत होंगे, तो देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी. किसानों के आर्थिक संपन्नता को लेकर सरकार व जिला प्रशासन कृतसंकल्प है. आज के दौर में वैज्ञानिक विधि से खेती कार्य करके ही आय बढ़ाया जा सकता है.

श्री पाठक बुधवार को स्थानीय प्रखंड कार्यालय परिसर में किसानों की आय दोगुनी करने को लेकर आयोजित एक दिनी किसान कार्यशाला में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की है. इसका लाभ उठायें. उक्त कार्यशाला कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के निर्देश पर आयोजित था. इससे पूर्व दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. उप प्रमुख फिरोज अहमद ने कहा कि किसान मजबूत होंगे, तो देश मजबूत होगा. हमें इसके लिये मिल कर प्रयत्न करना होगा.

कार्यशाला में कृषि क्षेत्र में बीज विनिमय एवं वितरण कार्यक्रम, कृषि मेला कार्यशाला प्रदर्शनी, प्रशिक्षण-भ्रमण-प्रोत्साहन, फसल योजना कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एवं अभिकरण, भूमि संरक्षण राज्य बागवानी मिशन उद्यान, पशुपालन इंटीग्रेटेड पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट से संबंधित कई अहम जानकारी किसानों को दी गयी.

सहकारिता पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद, प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी व प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी अरविंद पांडेय ने खेतों की मिट्टी की जांच कराने व जैविक खाद का प्रयोग करने पर बल दिया. मत्स्य पालन, बकरी, सुअर, गाय पालन संबंधी जानकारी भी दी. पशुओं में होने वाले रोग व इससे बचाव के तरीके बताये.



बरवाडीह : कार्यक्रम में शामिल मुख्य अतिथि, बीडीओ, सीओ, प्रमुख व अन्य.

## किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कई योजनाएं

**बरवाडीह.** प्रखंड के विकास एवं कौशल भवन में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा किसानों की आय वृद्धि के लिए कृषक कल्याण कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला का उदघाटन जिला परिषद चेयरमैन सुनीता कुमारी, प्रमुख सुशीला देवी, बीडीओ दिनेश कुमार, सीओ एनके राम ने संयुक्त रूप से किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन सुनीता कुमारी ने किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन बीडीओ दिनेश कुमार ने किया. कृषि विभाग द्वारा आयोजित कृषक कल्याण कार्यशाला में लातेहार से आये हुए कृषि तकनीकी प्रबंधक परमानंद सिंह ने कार्यशाला में आये हुए किसानों को उन्नत फसल उत्पादन के माध्यम से आय वृद्धि के लिए कई तरीके बताये. उन्होंने कहा कि किसानों की खेती किये जाने वाली मिट्टी जांच से ही उसकी गुणवत्ता की पहचान होती है. कार्यक्रम में बीडीओ दिनेश कुमार ने सभी किसानो की आय दोगुनी करने के लिए सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं को अधिक से अधिक लाभ लेकर ही इसे सफल बनाने पर जोर दिया. उन्होंने कहा की केंद्र व राज्य सरकार किसानों को आय दोगुनी करने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है जिससे अपनाते हुए किसान अपनी आय दोगुनी कर सकते है. कार्यक्रम में प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष इकबाल सिंह, प्रमुख सुशीला देवी, अंचलाधिकारी एनके राम, जनसेवक सुमित कुमार, रंजित यादव, मुखिया बेरोनिका कुजूर, रानी देवी, किसान निजामुद्दीन अंसारी मौजूद थे.

कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को प्रशिक्षित एवं जागरूक कर विभिन्न प्रकार की खेती से आमदनी बढ़ाना बतलाया. सरकार द्वारा दी जानेवाली सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी. मौके पर लघु कुटीर उद्योग के प्रखंड समन्वयक अभिषेक कुमार गुप्ता समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे.



### स्वराज अभियान के तहत चयनित जिले के 17 गांवों में मना किसान कल्याण दिवस

## 20 हजार क्विंटल जिले में लगेंगे अदरक के बीज : डीसी

**● उपायुक्त ने किसानों को अदरक, केला, सकरकंद समेत अन्य फसलों को उगाने के लिए किया प्रेरित**

**संवाददाता**

**लातेहार।** 14 अप्रैल से 5 मई तक चलने वाले ग्राम स्वराज अभियान के तहत बुधवार को स्वराज अभियान के तहत चयनित जिले के 17 गांवो में किसान कल्याण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय स्थित मत्स्य हेचरी में किसान कल्याण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपायुक्त राजीव कुमार पहुंच किसानों को स्वालंबन का पाठ पढ़ाया। उपायुक्त श्री कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों के लिए जमीन अनमोल खजाना है किसान अपनी साकारात्मक सोच से अपने मेहनत कर जमीन से सोना को उपजाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सोच है कि 2022 तक किसानों के आय दुगनी हो लेकिन यह तभी संभव है जब किसान वैज्ञानिक तरीके से खेती करें। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से भी किसानों के लिए योजनाएं संचालित हो रही है आप सभी किसान सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर स्वालंबन बनें। कार्यशाला में उपायुक्त के द्वारा किसानों को अदरक,केला,सकरकंद समेत अन्य फसलों को भी उगाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान आत्मा के उप परियोजना निदेशक सप्तमी कुमार झा के द्वारा किसानो को विभाग के माध्यम से संचालित हो रही योजनओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। मौके पर मत्स्य प्रसार पदाधिकारी रणविजय सिंह, संजय मिश्र सभी जनसेवक समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

सखी मंडल के माध्यम से लगाये जायेंगे 20 हजार क्विंटल अदरक के पेड़

उपायुक्त राजीव कुमार ने कहा कि सखी मंडल के माध्यम से जिले में 20 हजार विक्टल अदरक के पेड़ लगाएं जाएगें। ताकि किसानों की आमदनी दुगनी हो सके। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में लातेहार जिला अदरक उत्पादन में अग्रणी जिला होगा।

### चंदवा में कृषि कल्याण कार्यशाला का हुआ आयोजन

## किसानों के बीच जागरूकता पैदा करना कार्यशाला का उदेश्य : बीडीओ

**● किसानों की आय दुगुनी करने पर हुई चर्चा**

**संवाददाता**

**चंदवा।** कृषि सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग भारत सरकार के निर्देशानुसार बुधवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में कृषि कल्याण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन बीडीओ देवदत पाठक, प्रखंड उपप्रमुख फिरोज अहमद, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अजय कुमार, प्रधान सहायक अरूण कुमार गहलोत व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दी प्रज्जवलित कर किया। तत्पश्चात कार्यशाला को संबोधित करते हुये देवदत्त पाठक व फिरोज अहमद व अन्य अतिथियों के कहा कि कार्यशाल का मुख्य उदेश्य किसानो के बीच जागरूक्ता पैदा करना है। साथ हीं वर्ष 2022 तक किसानो के आय को दोगुणी करने पर चर्चा करना है। इस दौरान अतिथियों ने कृषि, भूमि संरक्षण, उद्यान, कृषि प्रोद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी गयी।

मौके पर प्रखंड कर्मी समेत सैकड़ो की संख्या में किसाना मौजूद थे।

## किसानों की आय दुगुनी करने के लिए कृषक कल्याण कार्यशाला का हुआ आयोजन



कार्यक्रम को उद्घाटन करते अतिथि

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर में किसानों की आय दुगुनी करने से संबंधित कृषक कल्याण कार्यशाला का आयोजन प्रखंड प्रमुख महावीर उरांव की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में उपस्थित पशुपालन पदाधिकारी संजय केरकेटा नें उपस्थित किसानों को बताया की बारियातू प्रखंड के भौगोलिक स्थिति से भेंड़ बकरी व सूअर पालन कर आमदनी को कई गुना बढ़ाया जा सकता है । भेंड़ बकरी व सूअर अच्छे नस्ल का लाकर पूरे गांव का भेंड़ बकरी सुअर का नस्ल सुधार कर एक ही वर्ष में कई गुणी आमदनी की जा सकती है। इनके रख रखाव में भी किसी तरह के कोई परेशानी नहीं है। जिन्हें अच्छे नस्ल की भेंड़ बकरी सुअर चाहिए वे अस्पताल में आवेदन दें जिससे सरकारी दर पर उपलब्ध कराया जायेगा । कृषि विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक ब्रमदेव यादव नें किसानों को कहा की 2020-22 तक आप वैज्ञानिक पद्धति से कृषि कार्य करें तो निश्चित तौर पर आपकी आमदनी दोगुनी से भी अधिक हो जायेगी। बीडीओ संजय कुमार यादव नें बताया की केंद्र व राज्य सरकार द्वारा किसानों की आमदनी को दोगुनी करने के लिए 2022 तक लक्ष्य रखा है। आप सभी कृषि अधारित कुटिर उद्योग बागवानी फसलों की खेती मशरूम की खेती , मछली पालन , मुर्गी पालन , पशुपालन एंव डायरी उद्योग , मधुमक्खी पालन सहित अन्य योजनाओं से लाभ लेकर आमदनी दुगुनी कर सकते हैं । मौके पर बीपीओ विरेंद्र कुमार सिंह ,सीआई नसीम अख्तर सहित द्विंबर भगत , लवकेश कुमार सिंह , पवन सिंह सहित कई पंचायत सेवक , स्वंय सेवक व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

8 दैनिक जागरण रांची, 3 मई 2018

# कृषि से ऊपर उठेगा जीवन स्तर

संवाद सूत्र, महुआडांड़ : बीस सूत्री मंडल अध्यक्ष जयराम जायसवाल ने कहा कि कृषि से ही ग्रामीण अपने आर्थिक स्तर को उंचा उठा सकते हैं। वे बुधवार को महुआडांड़ में कृषक कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज के समय में सरकार कृषि को प्रोत्साहन देने के लिए विविध प्रकार की योजनाएं चला रही है। किसानों को आज के समय में सरकार से मदद लेकर खेती करने की जरूरत है, लेकिन कुछ लोग खेती योग्य जमीन रहने के बाद भी रोजगार की तलाश में भटकते चलते हैं। अब रोजगार के लिए कृषि बढ़िया कुछ नहीं है, अपनी जमीन और अपनी खेती यह सबसे बेहतर है। कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव विभाग की ओर से कृषि प्रोत्साहन को लेकर चल रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर राजेश उरांव, रामपृत नगेसिया, बिर्जिनिया कुजूर, फ्रिदा कुजूर, प्रमिला मिंज समेत दर्जनों कृषिक मित्र एवं किसान मौजूद थे।




कार्यक्रम में मंचासिन अथिति • जागरण



किसानों को संबोधित करते बीडीओ।

## कृषक कार्यशाला का आयोजन

संवाद सूत्र,चंदवा : कृषक कल्याण कार्यशाला का आयोजन बुधवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते बीडीओ देवदत्त पाठक ने कहा कि किसानों को देश की रीढ़ बताते कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रयास है कि 2022 तक सभी किसानों की आय दोगुनी या उससे भी अधिक होगी। इसक लिए किसान वैज्ञानिक विधि से खेती करें। इसके लिए प्रधानमंत्री के सात सूत्री कार्यनीति समेत किसानों के हितों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपस्थित लोगों को दी गई। उन्हें स्वावलंबी बनने के टिप्स दिए गए। मौके पर उपप्रमुख फिरोज अहमद, डा. अजय कुमार, अरबिन्द कुमार, अरूण गहलौत, रीबेन उरांव समेत अन्य उपस्थित थे। इधर ग्राम स्वराज अभियान के तहत चयनित प्रखंड के भूषाढ़ व गनियारी गांव में भी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## खबरें फटाफट

### किसानों की आय बढ़ाने के लिए कार्यशाला



मनिका | प्रखंड कार्यालय के सभागार में किसान कल्याण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि जिप सदस्य महेश सिंह ने कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करना चाहती है। इसके लिए सरकार द्वारा दी जानेवाली सुविधाओं को हर गांव के किसानों को जागरूक करने की आवश्यकता है। मौके पर पूर्व जिप सदस्य रघुपाल सिंह और 20 सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ राय ने कहा कि हमारी सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर पूरे देश में योजनाबद्ध तरीके से विकास की योजना गांव तक पहुंचाने का काम कर रही है। वहीं, किसानों ने विशुनबांध के ब्यांग कनवदीटांड़ में डीप बोरिंग की मांग की। मौके पर डॉ. चंदन, गोविंद देव, सीताराम चौधरी, बलबीर सिंह, अमित कुमार, प्रतिमा नगेसिया, अरविंद रवि, कृति रानी खलको, देवनंदन यादव, कृष्णा यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर लातेहार · चंदवा रांची, गुरुवार 03 मई, 2018 | 14

# आमदनी दोगुनी करने के लिए बकरी भेड़ और सूअर का पालन करें किसान

भास्कर न्यूज़ | बारियातू

बारियातू प्रखंड कार्यालय परिसर में किसानों की आय दुगुनी करने से संबंधित कृषक कल्याण कार्यशाला का आयोजन प्रखंड प्रमुख महावीर उरांव की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में उपस्थित पशुपालन पदाधिकारी संजय केरकेट्टा ने उपस्थित किसानों को बताया कि बारियातू प्रखंड के भौगोलिक स्थिति से भेड़, बकरी व सूअर पालन कर आमदनी को कई गुना बढ़ाया जा सकता है। भेड़, बकरी व सूअर अच्छे नस्ल का लाकर पूरे गांव का भेड, बकरी व सूअर का नस्ल सुधार कर एक ही वर्ष में कई गुणा आमदनी की जा सकती है।

इनके रख-रखाव में भी किसी तरह की कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन्हें अच्छे नस्ल की भेड़, बकरी व सूअर चाहिए, वे अस्पताल में आवेदन दें, सरकारी दर पर उपलब्ध कराया जाएगा। कृषि विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक ब्रह्मदेव यादव ने किसानों से कहा कि वर्ष 2020-22 तक आप वैज्ञानिक पद्धति से कृषि कार्य करें, निश्चित तौर पर आपकी आंमदनी दोगुनी से भी अधिक हो जाएगी। बीडीओ संजय कुमार यादव ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा किसानों की आमदनी को दोगुनी करने के लिए वर्ष 2022 तक लक्ष्य रखा गया है। आप सभी कृषि आधारित कुटीर उद्योग, बागवानी फसलों की खेती, मशरूम की खेती, मछली पालन, मुर्गी पालन, पशुपालन एवं डेयरी उद्योग, मधुमक्खी पालन सहित अन्य योजनाओं से लाभ लेकर आमदनी दुगुनी कर सकते हैं। मौके पर बीपीओ वीरेंद्र कुमार सिंह, सीआई नसीम अख्तर, दिगंबर भगत, लवकेश कुमार सिंह, पवन सिंह सहित कई पंचायत सेवक, स्वयंसेवक व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।



बारियातू में किसान कल्याण कार्यशाला का उद्घाटन करते बीडीओ व अन्य।

# किसानों के लिए जमीन अनमोल खजाना : डीसी

भास्कर न्यूज़ | लातेहार

ग्राम स्वराज अभियान के तहत चयनित जिले के सभी 17 गांवों में बुधवार को किसान कल्याण दिवस मनाया गया। लातेहार के मत्स्य हेचरी सभागार में आयोजित मुख्य समारोह में उपायुक्त राजीव कुमार ने किसानों को स्वावलंबन का पाठ पढ़ाया। कहा कि किसानों के लिए जमीन अनमोल खजाना है। किसान अपनी सकारात्मक सोच के साथ मेहनत कर अपनी जमीन से सोना को उपजाए। जिला प्रशासन हरसंभव मदद देने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि 2022 तक किसानों की आय दुगनी हो, लेकिन यह तभी संभव है जब किसान वैज्ञानिक तरीके से खेती करें। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से भी किसानों के लिए कई योजनाएं संचालित है। आप सभी किसान सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर स्वावलंबन बनें। कार्यशाला में उपायुक्त ने किसानों को अदरक, केला, शकरकंद समेत अन्य फसलों को भी उगाने के लिए प्रेरित किया। आत्मा के उप परियोजना निदेशक सप्तमी कुमार झा ने किसानों को विभाग से संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में मत्स्य प्रसार पदाधिकारी रणविजय सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त कर मत्स्य उत्पादन के लिए कृषकों को प्रेरित किया। मौके पर संजय मिश्र के अलावे सभी जनसेवक समेत बड़ी संख्या में जिले के किसान मौजूद थे।

## जिले में लगेंगे 20 हजार क्विंटल अदरक के बीज

उपायुक्त ने कहा कि सखी मंडल के माध्यम से जिले में 20 हजार क्विंटल अदरक के पौधे लगाए जाएंगे, ताकि किसानों की आमदनी दुगुनी हो सके। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में लातेहार जिला अदरक उत्पादन में अग्रणी होगा।

हिन्दुस्तान • रांची • सोमवार • 30 अप्रैल 2018 06

# कार्यशाला में किसानों को मिलेगी कई जानकारियां

लातेहार | प्रतिनिधि

ग्राम स्वराज अभियान के तहत आगामी दो मई को कृषक कल्याण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए डीएओ मार्सल खलखो ने बताया कि कार्यशाला में प्रत्येक प्रखंड में किसानों को खेती की आधुनिक विधि से अवगत कराया जाएगा।

वहीं कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यान, सहकारिता, आत्मा आदि के क्षेत्रीय पदाधिकारियों के द्वारा उचित मार्गदर्शन एवं जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस दिन मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, फसलोत्पादन, फलोत्पादन, मछली पालन, दुग्ध उत्पादन, शहद उत्पादन, जैविक खेती के बारे में भी विशेष जानकारी के साथ साथ किसानों को मौके पर विभागीय लाभ भी दिया जाएगा। साथ ही पशु चिकित्सा कैम्प का भी आयोजन किया जाएगा।

## चंदवा में याद किए गए भामाशाह

चंदवा। चंदवा में भामाशाह याद किए गए। तैलिक समाज के लोगों ने उनकी जयंती मनाई। जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ताओं ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मातृभूमि के प्रति इनका अगाध प्रेम था। इनके सहयोग से ही महाराणा प्रताप ने संघर्ष को नई दिशा दी और मेवाड़ को आत्मसम्मान दिलाया। लोकहित व आत्म सम्मान के लिए अपना सर्वस्व दान कर दिया।

रांची, सोमवार
30.04.2018
प्रभात खबर
06
लातेहार - चंदवा

## कार्यशाला दो को

**बारियातू.** उपायुक्त राजीव कुमार के निर्देशानुसार प्रखंड कार्यालय परिसर समेत ग्राम स्वराज अभियान के तहत चयनित सभी आठ गांव में किसानो की आय में वृद्धि को लेकर दो मई को कृषक कल्याण कार्यशाला का आयोजन किया गया है. उक्त जानकारी बीडीओ संजय कुमार यादव ने दी. उन्होंने कहा कि बुधवार दो मई को प्रखंड कार्यालय के अलावा बालुभांग, हेरनहोपा, नावाडीह, गोनिया, मनातू, फूलबसिया, अमरवाडीह व मतकोमा गांव में किसानों के आगमन-निबंधन, कार्यक्रम का शुभांरभ करने, स्वागत भाषण, केंद्र व राज्य सरकार द्वारा कृषि विभाग अतंर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी देने, प्रतिनिधि द्वारा कार्यशाला की विस्तार से जानकारी देने, कृषि वैज्ञानिको द्वारा आय दोगुनी करने आदि की जानकारी दी जायेगी.

## किसान कल्याण कार्यशाला दो को

**लातेहार.** ग्राम स्वराज अभियान के तहत आगामी दो मई को पूरे झारखंड में कृषक कल्याण कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा. इस आशय की जानकारी जिला कृषि पदाधिकारी मार्शल खलको ने दी. उन्होंने बताया कि इसके तहत लातेहार जिला के सभी प्रखंड मुख्यालयों में भी यह यह कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे. कार्यशाला में प्रत्येक प्रखंड में लगभग पांच से छह सौ किसानों को आधुनिक विधि से अवगत कराने के लिए कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यान, सहकारिता, आत्मा आदि के क्षेत्रीय पदाधिकारियों के द्वारा उचित मार्गदर्शन एवं जानकारी दी जायेगी. उन्होंने बताया कि इस दिन मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, फसलोत्पादन, फलोत्पादन, मछली पालन, दुग्ध उत्पादन, शहद उत्पादन, जैविक खेती के बारे में भी विशेष जानकारी के साथ साथ किसानों को विभागीय लाभ भी दिया जायेगा. कार्यक्रम स्थल पर पशु चिकित्सा कैंप का भी आयोजन किया जायेगा. जिला कृषि पदाधिकारी ने जिले के किसानों से इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसका समुचित लाभ उठाने की अपील की है.








रांची, गुरुवार
03.05.2018
प्रभात खबर

# किसान राष्ट्र की रीढ़ होते हैं: डीसी



**लातेहार.** उपायुक्त राजीव कुमार ने कहा कि किसान राष्ट्र की रीढ़ होते हैं. हमें किसानों का ऋणी होना चाहिए. उपायुक्त श्री कुमार शहर के मत्स्य हेचरी के सभागार में ग्राम स्वराज अभियान के तहत आयोजित किसान कल्याण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे. कार्यक्रम में उपायुक्त श्री राजीव कुमार ने किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर स्वावलंबी बनाने की अपील की. उन्होंने कहा कि किसानों के लिए उनकी खेत अनमोल खजाने की तरह है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि 2022 तक किसानों के आय दुगनी हो और यह तभी संभव है जब किसान वैज्ञानिक तरीके से खेती करें. उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से भी किसानों के कल्याणार्थ योजनाएं संचालित हो रही हैं. जिले के सभी किसान सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर स्वावलंबी बनें. कार्यक्रम के दौरान आत्मा के उप परियोजना निदेशक सप्तमी कुमार झा ने किसानों को विभाग द्वारा संचालित हो रही योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया. मौके पर मत्स्य प्रसार पदाधिकारी रणविजय सिंह व संजय मिश्र कई जनसेवक समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे.

**20 हजार क्विंटल अदरक की खेती की जायेगी :** उपायुक्त श्री राजीव कुमार ने कहा कि सखी मंडलों के माध्यम से जिले में 20 हजार क्विंटल अदरक के पौधे लगाये जायेंगे, ताकि किसानों की आमदनी दुगुनी हो सके. उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में लातेहार जिला अदरक उत्पादन में अग्रणी जिला होगा.